# विद्युत सेवा आयोग
## उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लि०

(उ०प्र० सरकार का उपक्रम)

एस०एल०डी०सी०परिसर (निकट मंत्री आवास),

विभूति खण्ड, फेज़–2, गोमती नगर, लखनऊ–226010

**(विज्ञापन सं० 01/विसेआ/2018/A.O.)**

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लि० के अन्तर्गत लेखा संवर्ग में समूह 'ख' के अन्तर्गत " **लेखा अधिकारी** " के पद हेतु, निम्न श्रेणीवार रिक्त पदों पर सीधी भर्ती के माध्यम से प्रतियोगितात्मक परीक्षा द्वारा चयन हेतु **निर्धारित योग्यता रखने वाले भारतीय नागरिकों** से आवेदन केवल **ऑनलाइन माध्यम** के द्वारा आमंत्रित हैं। व्यक्तिगत रूप से अथवा अन्य माध्यम से विद्युत सेवा आयोग कार्यालय में भेजे गये आवेदन पत्रों को स्वीकार नहीं किया जायेगा। श्रेणीवार रिक्तियों का विवरण निम्नवत् है :

| क्रम सं० | पद कोड | पदनाम | अनारक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनु० जाति | अनु० जन जाति | कुल रिक्तियाँ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 17 | लेखा अधिकारी (ACCOUNTS OFFICER) | 12 | 06 | 22* | 02* | **42** |

- ❖ उपरोक्त रिक्तियों की संख्या आवश्यकतानुसार घटाने एवं बढ़ाने का अधिकार उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लि० के पास सुरक्षित है।
- ❖ **आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के पास आधार कार्ड का होना अनिवार्य है।**
- ❖ उपरोक्त पदों पर आरक्षण का लाभ केवल उत्तर प्रदेश राज्य के मूल निवासियों को ही अनुमन्य है। अन्य प्रदेशों के अभ्यर्थी सामान्य वर्ग के अन्तर्गत आवेदन कर सकते हैं।
- ❖ विज्ञापित पद पर आवेदकों की संख्या अधिक होने की स्थिति में ऑन–लाइन परीक्षा (CBT) एक से अधिक पालियों/दिवसों में करायी जायेगी। विभिन्न शिफ्ट के प्रश्नपत्रों के मूल्यांकन के पश्चात् Normalisation method (CBT के प्रथम एवं द्वितीय भाग में) श्रेष्ठता निर्धारण में प्रयुक्त होगा।
- ❖ केन्द्र/राज्य सरकार या किसी अन्य विभाग की सेवा से निष्कासित व्यक्ति उपरोक्त पदों हेतु अर्ह नहीं हैं।
- ❖ * बैकलॉग समाहित।

1. **वेतनमानः–**

**(क) लेखा अधिकारी हेतु** :– वेतन मैट्रिक्स लेवल–10 में वेतनमान रू0 56100–177500 एवं अन्य भत्ते उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लि० में लागू, नियमानुसार देय होगें।

2. **अनिवार्य शैक्षिक एवं अन्य अर्हतायें:–** आवेदन के समय अभ्यर्थी के पास निम्न अर्हताओं का पूर्ण धारित होना आवश्यक है।

**(क)** देवनागरी लिपि में हिन्दी का समुचित सम्यक ज्ञान।

**(ख)** इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउंटेन्ट्स आफ इंडिया, नई दिल्ली से चार्टर्ड एकाउन्टेंट/इंस्टीट्यूट आफ कास्ट एण्ड वर्क एकाउंटेन्ट्स आफ इंडिया, कोलकाता से कास्ट एकाउंटेन्ट की अंतिम परीक्षा उत्तीर्ण।

**(ग) वरीयमान योग्यता** –किसी बड़े प्रतिष्ठित निजी औद्योगिक संस्थान/पब्लिक अण्डरटेकिंग विशेषकर विद्युत/टेलीकाम सेक्टर या पब्लिक यूटिलिटी सर्विसेज के वित्त/लेखा/ऑडिट शाखा में कार्य करने का अनुभव।

3. **आयु** : दिनांक 01.01.2018 को न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष।

4. **अधिकतम आयु सीमा में अनुमन्य छूट** :

उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन–क्रीमीलेयर) के अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की, अधिकतम आयु सीमा में छूट नियमानुसार अनुमन्य होगी।उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 में कार्यरत अभ्यर्थियों हेतु अधिकतम आयु में 5 वर्ष की छूट अनुमन्य है।

5. **आरक्षण :–**

**(क)** आरक्षण का लाभ प्राप्त करने हेतु उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना आवश्यक है। **वे अभ्यर्थी जो उत्तर प्रदेश के मूल निवासी नहीं है, सामान्य वर्ग के अन्तर्गत ही आवेदन करें।**

ELECTRICITY SERVICE COMMISSION

**(ख)**अनुसूचित जनजाति के उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध न होने पर अनुसूचित जाति के अभ्यर्थी तथा अनुसूचित जाति के अभ्यर्थी उपलब्ध न होने पर अनूसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों का चयन नियमानुसार किया जायेगा।

**(ग)** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित को 2 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण अनुमन्य होगा।

**(घ)** अभ्यर्थी को केवल आवेदित श्रेणी का ही लाभ अनुमन्य होगा।

6. **आवेदन शुल्क एवं प्रोसेसिंग चार्जेजः** आवेदन शुल्क एवं प्रोसेसिंग चार्जेज अप्रतिदेय (Non Refundable) है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति श्रेणी के अभ्यर्थी हेतु | Rs. 700/- प्रति आवेदन |
| 2. | उत्तर प्रदेश के सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन–क्रीमीलेयर), स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित श्रेणी के अभ्यर्थी हेतु | Rs. 1000/- प्रति आवेदन |
| 3. | अन्य प्रदेश के अभ्यर्थी हेतु | Rs. 1000/- प्रति आवेदन |

**(1)**आवेदन शुल्क एवं प्रोसेसिंग चार्जेज नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/Payment Gateway अथवा स्टेट बैंक आफ इंडिया के चालान के माध्यम से जमा होगी, इसके अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से आवेदन शुल्क जमा नहीं होगा, जमा करने की विधि वेबसाइट www.uppcl.org पर उपलब्ध है। **बैंक चार्जेज अभ्यर्थी द्वारा अलग से देय होंगे।**

**(2)** आवेदन शुल्क एवं प्रोसेसिंग चार्जेज के मद में जमा की गयी धनराशि किसी भी दशा में न तो वापस की जायेगी और न ही स्थानान्तरित अथवा किसी अग्रिम चयन हेतु सुरक्षित की जायेगी।

7. **अर्हताओं एवं अन्य प्रमाण पत्रों का प्रस्तुतीकरण :–**

अभ्यर्थी द्वारा आनलाइन आवेदन पत्र में उपलब्ध करायी गयी सूचना के आधार पर लिखित परीक्षा में अस्थायी रुप से (provisionally) सम्मिलित किया जायगा। अभ्यर्थी द्वारा मात्र लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने से अर्हता अथवा चयन का अधिकार प्राप्त नही हो जायेगा। अभ्यर्थियों द्वारा विज्ञापित पद हेतु निर्धारित अर्हता सम्बन्धी योग्यता प्रमाण पत्र/ अंकपत्र/जाति प्रमाण पत्र/मूल निवास प्रमाण पत्र /स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित प्रमाण पत्र इत्यादि (जो अप्रासंगिक हों उन्हें छोड़कर) की एक–एक स्वयं सत्यापित एवं हस्ताक्षरित छायाप्रति ऑनलाइन आवेदन पत्र के प्रिन्टआउट के साथ साक्षात्कार के समय जमा करायी जायेगी। लिखित परीक्षा को उत्तीर्ण करने वाले एवं साक्षात्कार हेतु शॉर्टलिस्ट आमंत्रित अभ्यर्थियों के ही अर्हता सम्बन्धी प्रमाण पत्रों की जॉच विभिन्न स्तरों पर की जायेगी। किसी भी प्रकार की गलत सूचना देने/प्राप्त होने पर, बिना सूचना के किसी भी स्तर पर अभ्यर्थन निरस्त करने एवं चयन प्रक्रिया से वंचित करने का अधिकार सुरक्षित है।

8. **अनापत्ति प्रमाण पत्र :** यदि कोई अभ्यर्थी किसी सरकारी/अर्द्धसरकारी विभाग में कार्यरत है तो उसे नियुक्ति के समय अपने विभागाध्यक्ष द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है ।

9. **चरित्र :** अभ्यर्थी को अपने पिछले शिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य अथवा दो सम्मानित व्यक्तियों, जो सम्बन्धी न हो, द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण–पत्र नियुक्ति के समय प्रस्तुत करना होगा।

10. **वैवाहिक स्थिति :** ऐसे पुरूष/महिला अभ्यर्थी जो विधि –विरूद्ध एक से अधिक जीवित पत्नी/पति रखते हो तथा ऐसी महिला अभ्यर्थी जिनका विवाह ऐसे व्यक्ति से हुआ हो जिसके पास पहले से एक या एक से अधिक जीवित पत्नी हो, चयन हेतु अर्ह नहीं होंगे।

11. **चयन प्रक्रिया :** लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर चयन किया जायेगा। साक्षात्कार हेतु शार्टलिस्टेड अभ्यर्थियों को साक्षात्कार प्रक्रिया में सम्मिलित होना अनिवार्य है, अन्यथा की स्थिति में उनका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा । शार्टलिस्टेड अभ्यर्थियों में अन्तिम कमांक पर एक से अधिक अभ्यर्थियों के समान अंक होने की स्थिति में उन सभी अभ्यर्थियों को भी साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा। लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार परीक्षा में प्राप्त अंको को मिलाकर श्रेष्ठता के आधार पर, श्रेणीवार रिक्तियों की सख्यानुसार चयनित अभ्यर्थियों की सूची तैयार की जायेगी।

लिखित परीक्षा की अवधि एवं अन्य विवरण निम्नवत् है :–

| पद का नाम | लिखित परीक्षा (अवधि–3 घंटे) | अंकों का विवरण |
|---|---|---|
| लेखा अधिकारी | 200 वस्तुनिष्ठ प्रश्न–200 अंक<br>(प्रत्येक सही उत्तर पर 01 अंक दिया जायेगा एवं गलत उत्तर पर 0. 25 अंक अतिरिक्त काटे जायेगें।) | 1) 200 अंक लिखित परीक्षा (लिखित परीक्षा में 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य हैं।)<br>2) 25 अंक साक्षात्कार |

**नोटः** लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों में से श्रेणीवार रिक्तियों के तीन गुने अभ्यर्थियों को मेरिट के अनुसार साक्षात्कार हेतु शार्टलिस्ट किया जायेगा।

12. **परीक्षा स्थानः–** परीक्षायें यथासंभव लखनऊ, मेरठ एवं कानपुर, गोरखपुर शहरों में होगी। अभ्यर्थियों की संख्या के आधार पर अथवा विशेष परिस्थितियों में परीक्षा के स्थान को बदला अथवा घटाया/बढ़ाया जा सकता है।

13. **आवेदन कैसे करें:** कारपोरेशन की वेबसाइट www.uppcl.org को खोलें एवं टैब "APPLY ONLINE AGAINST ADVT NO. '01/VSA/2018/AO' FOR THE POST OF ACCOUNT OFFICER पर क्लिक करें तथा खुलने वाले नये वेब पेज पर "How to Apply" पर क्लिक कर प्रक्रिया को भली–भॉति समझें एवं आवेदन पत्र को निर्देशानुसार पूर्ण करें। अभ्यर्थियों को सुझाव दिया जाता है कि वे अपना रजिस्टर्ड ई–मेल एवं मोबाइल नम्बर को अन्तिम परीक्षाफल निर्गत होने तक सजीव रखें। परीक्षा सम्बन्धी महत्वपूर्ण सूचना इन्हीं के माध्यम से प्रेषित की जायेगी।

14. **प्रवेश पत्र :** लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार हेतु प्रवेश पत्र को अभ्यर्थी द्वारा वेबसाइट www.uppcl.org से डाउनलोड करना होगा तथा इसकी सूचना आवेदन पत्र में दिये गये रजिस्टर्ड ई–मेल एवं SMS पर प्रेषित की जायेंगी। प्रवेश पत्र डाक द्वारा प्रेषित नहीं किये जायेंगे।

15. **अन्य विशेष सूचना :**

(1)अनिवार्य अर्हता सम्बन्धी सभी प्रमाण पत्रों को साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

(2)केन्द्र / राज्य सरकार या किसी अन्य विभाग की सेवा से निष्कासित व्यक्ति उपरोक्त पदों हेतु अर्ह नहीं हैं।

(3)सभी प्रासंगिक अर्हताओं सम्बन्धी प्रमाण पत्रों ( निर्धारित संलग्न प्रपत्र में )की मूल प्रतियॉ तथा एक–एक छायाप्रति मूल आवेदन पत्र के साथ, साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। **इन्हें प्रस्तुत न कर पाने की स्थिति में अथवा प्रस्तुत अभिलेख गलत पाये जाने पर अथवा आवेदन पत्र में दी गयी सूचना विज्ञापन के अनुरुप न होने पर अभ्यर्थी को साक्षात्कार हेतु सम्मिलित न करते हुए अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।**

(5)अभिलेखों की जाँच विभिन्न स्तरों पर की जायेगी। किसी भी स्तर पर गलत सूचना देने/प्राप्त होने पर अर्हता पूर्ण न पायें जाने पर अभ्यर्थन/चयन बिना कारण बतायें निरस्त किया जा सकता हैं।

(6)आवेदन सम्बन्धी पूछताछ हेतु **helpdesk118ao@gmail.com** पर सम्पर्क किया जा सकता है। सभी पत्राचार आवेदन पत्र में भरे गये पत्राचार के पते पर ही किये जायेंगे। उपर्युक्त विज्ञापन बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। विज्ञापन का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट www.uppcl.org पर देखा जा सकता है।

16 **पारदर्शिता:**– परीक्षा की पारदर्शिता हेतु निम्न व्यवस्थायें की गई हैं:–

लिखित परीक्षा की समाप्ति के पश्चात् प्रश्नपत्र का सही हल, परीक्षा की समाप्ति से 02 दिन के अन्दर, विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जायेगा अथवा डाउनलोड करने हेतु लिंक उपलब्ध कराया जायेगा एवं अभ्यर्थी को अपलोड की तिथि से 03 दिन तक का समय साक्ष्य सहित आपत्ति दर्ज कराने हेतु उपलब्ध कराया जायेगा। अभ्यार्थियों को **www.uppcl.org** की वेबसाइट से रिस्पांस शीट अपने लागिन आई0डी0 एवं पासवर्ड से डाउनलोड़ करना होगा ये आयोग द्वारा उपलब्ध नहीं कराया जायेगा। निर्धारित अवधि के पश्चात् परीक्षा सम्बन्धी किसी भी आपत्ति को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

17 किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र केवल उत्तर प्रदेश होगा।

18. **महत्वपूर्ण तिथियॉ :**

| क0सं0 | विवरण | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाइन आवेदन पत्र पूर्ण करने की तिथियाँ | 21.02.2018 -13.03.2018 |
| 2 | आवेदन शुल्क जमा करने की तिथियाँ | 21.02.2018 - 14.03.2018 |
| 3 | परीक्षा की सम्भावित अवधि | अप्रैल 2018 के द्वितीय सप्ताह |

सचिव

पत्रांक: 442 / विसेआ / 01–विसेआ–2018 दिनांक: 17.02.2018

ESCUPPCL ★ विद्युत सेवा आयोग ★ सचिव 2018 उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लि०